वैष्णव ने शनिवार को मणिपुर पहुंची मालगाड़ी की एक तस्वीर ट्वीट करते हुए कहा, 'जो प्रतिबद्धता जताई थी, उस पर खरा उतरते हुए।' इसके साथ ही उन्होंने पांच जनवरी के अपने ही एक ट्वीट को टैग किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि जल्द ही इस महीने के अंत तक काइमई रोड रेलवे स्टेशन तक मालगाड़ी पहुंचेगी।

सेबी ने बुलमैटिक्स निदेशकों पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, 29 जनवरी (भाषा)।

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुलमैटिक्स एडवाइजरी और उसके निदेशकों को छह महीने के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी ने बिना अनुमति लिए निवेश सलाहकार सेवाएं प्रदान करने के लिए फर्म एवं उसके निदेशकों पर शुक्रवार को यह प्रतिबंध लगाया। इसके साथ ही निवेशकों के पैसे वापस करने का भी निर्देश दिया है। बुलमैटिक्स दरअसल निवेश सलाहकार के रूप में सेबी के पास पंजीकरण कराए बगैर ही निवेश सलाहकार जैसी सेवाओं में शामिल था।

फिनटेक कंपनियों को बजट से प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली, 29 जनवरी (भाषा)।

वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग ने आगामी बजट में कर में कटौती की मांग करते हुए इस पर जोर दिया है कि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और नकदी पर कम-निर्भर अर्थव्यवस्था की तरफ बढ़ने के लिए वित्तीय और गैरवित्तीय प्रोत्साहन आवश्यक है।

फिनटेक उद्योग और विशेषज्ञों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से टीडीएस दरों को कम करने का आग्रह करते हुए कहा कि इस तरह के कदम से सरकारी राजस्व पर कोई असर न पड़ते हुए फिनटेक क्षेत्र के लिए पूंजी उपलब्ध हो सकेगी। पीडब्ल्यूसी इंडिया में साझेदार (वित्तीय सेवाएं) नितिन जैन ने कहा कि डिजिटल कर्ज प्रदान करने संबंधी अच्छा कारोबारी माहौल सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल कर्जदाताओं के लिए योग्यता मानदंड, कम अवधि के कर्ज, कर्ज सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी दिशा-निर्देश, डेटा गवर्नेंस नियम, पारदर्शिता संबंधी नियम आवश्यक हैं। स्टेशफिन की सह-संस्थापक श्रुति अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं का वित्तीय सशक्तीकरण उनके परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाता है और अच्छा होगा कि बजट में इस सिद्धांत का भी खयाल रखा जाए जिसमें प्रत्येक महिला के डिजिटल वित्तीय समावेश पर विशेष ध्यान हो।

सिक्योरनाऊ के सह-संस्थापक कपिल मेहता ने कहा, 'बजट में फिनटेक स्टार्ट अप के लिए अगर टीडीएस दर एक फीसद कम की जाती है तो यह बहुत मददगार होगा।

इससे अत्यावश्यक कार्यशील पूंजी उपलब्ध होगी और सरकारी खजाने को नुकसान भी नहीं होगा क्योंकि घाटे में चल रही कंपनियों को टीडीएस वैसे भी रिफंड कर दिया जाता है।'

कर्नाटक बैंक ने 146.42 करोड़ रुपए मुनाफा कमाया

मंगलुरु, 29 जनवरी (भाषा)।

निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.16 फीसद की सालाना वृद्धि दर के साथ 146.42 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया है। पिछले वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 135.37 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

बैंक की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की अवधि के वित्तीय परिणामों को शुक्रवार को यहां आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। नतीजों के मुताबिक, कंपनी की संपत्ति गुणवत्ता में भी काफी सुधार हुआ है। सितंबर, 2021 में क्रमिक पिछली तिमाही की तुलना में बैंक की सकल गैरनिष्पादित परिसंपत्तियां (जी-एनपीए) 4.50 फीसद से घटकर 4.11 फीसद रह गई। बैंक का व्यावसायिक कारोबार, 31 दिसंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार, 5.44 फीसद की वृद्धि दर के साथ 1,33,918.07 करोड़ रुपए था, जबकि बैंक की जमा राशि 6.24 फीसद की वृद्धि दर के साथ 78,428.71 करोड़ रुपए रही। उसकी जमा राशि 4.33 फीसद की वृद्धि दर के साथ 55,489.36 करोड़ रुपए थी। कर्नाटक बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ एम एस महाबलेश्वर ने वित्तीय नतीजों की घोषणा की।

82 फीसद कर्मचारियों को भा रहा घर से काम : अध्ययन

मुंबई, 29 जनवरी (भाषा)।

कोविड-19 के कारण कामकाजी जीवन में आए अभूतपूर्व परिवर्तनों के बीच एक अध्ययन बताता है कि अब लोग दफ्तर जाने के बजाए घर पर रहते हुए ही काम करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। रोजगार संबंधी वेबसाइट साइकी के 'टेक टैलेंट आउटलुक' रिपोर्ट के मुताबिक महामारी के कारण पहले तो कर्मचारियों पर दूर रहकर दफ्तर का काम करने की व्यवस्था थोपी गई थी लेकिन अब दो साल बाद 'वर्क फ्राम होम' अब नया चलन बन गया है और नई आदतें लोगों की जिंदगी में अपनी जगह बना चुकी हैं।

इस अध्ययन में शामिल लोगों में से 82 फीसद दफ्तर नहीं जाना चाहते और वे घर से ही काम करना चाहते हैं। टैलेंट टेक आउटलुक 2022 में चार महाद्वीपों में 100 से अधिक कार्यकारी अधिकारियों और मानव संसाधन अधिकारियों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण किया गया है। यह सर्वेक्षण सोशल मीडिया, साक्षात्कार और पैनल चर्चा के जरिए किया गया।

अध्ययन में शामिल 64 फीसद कर्मचारियों ने कहा कि घर से काम करने पर उनकी उत्पादन क्षमता अधिक रहती है और तनाव भी कम रहता है। इस बीच 80 फीसद से अधिक मानव संसाधन प्रबंधकों ने कहा कि पूर्णकालिक रूप से दफ्तर जाकर काम करने वाले कर्मचारी खोजना अब उनके लिए मुश्किल होता जा रहा है। वहीं 67 फीसद से अधिक कंपनियों ने भी कहा कि दफ्तर जाकर काम करने वाले लोग खोजना उनके लिए मुश्किल होता जा रहा है। बदले हुए माहौल में घर से काम करना अब विकल्प न रहकर नया चलन बन गया है और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाले लोग अपने नियोक्ता से इसकी उम्मीद भी रखते हैं।

जो नियोक्ता इस व्यवस्था को अपनाने को तैयार नहीं हैं उन्हें अच्छी प्रतिभाओं को साथ जोड़ने और पहले से काम कर रहे लोगों को अपने साथ बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। साइकी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी करुणजीत कुमार धीर ने कहा, 'दूरस्थ काम की दुनिया में स्वागत है।' अध्ययन में कहा गया कि दूरस्थ काम करते हुए दो साल बीत जाने पर एक नए तरह का लचीलापन मिला है जो कर्मचारियों और नियोक्ता दोनों के ही लिए लाभदायक है।

चोरी के मोबाइल का इस्तेमाल रोकने के लिए कार्ययोजना बनेगी

नई दिल्ली, 29 जनवरी (भाषा)।

भारत और आसियान देशों ने एक कार्ययोजना को मंजूरी दी है जिसमें चोरी हुए और फर्जी मोबाइल हैंडसेट के इस्तेमाल की समस्या से निपटने के लिए एक प्रणाली का विकसित की जाएगी। इस कार्ययोजना को भारत के साथ हुई दूसरी आसियान डिजिटल मिनिस्टर्स (एडीजीएमआइएन) बैठक में मंजूरी दी गई। यह बैठक शुक्रवार को डिजिटल तरीके से हुई थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ' मंत्रियों की बैठक में भारत-आसियान डिजिटल कार्ययोजना 2022 को मंजूरी दी गई। इसमें चोरी के और फर्जी मोबाइल हैंडसेट के इस्तेमाल को रोकने के लिए एक प्रणाली विकसित करना, राष्ट्रव्यापी सार्वजनिक इंटरनेट के लिए वाइफाइ एक्सिस नेटवर्क इंटरफेस, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के 5जी, आधुनिक उपग्रह संचार, साइबर फारेंसिक जैसे उभरते क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और जानकारी साझा करना शामिल है।' एडीजीएमआइएन दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) में शामिल दस देशों के दूरसंचार मंत्रियों की सालाना बैठक है।

दूरसंचार मंत्रालय ने चोरी किए गए या गुम हुए मोबाइल फोनों को ब्लाक करने और उनका पता लगाने में दिल्ली-एनसीआर के लोगों की मदद के उद्देश्य से दिसंबर 2019 में एक पोर्टल शुरू किया था। बैठक के दौरान संचार राज्यमंत्री देवू सिंह चौहान ने कहा कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी लोकतांत्रिक प्रणालियों को मजबूत करती है और नागरिकों और देश के बीच सरोकार बढ़ाती है।

इजराइल की तकनीकी मदद से 150 गांव बनेंगे उत्कृष्ट : तोमर

नई दिल्ली, 29 जनवरी (भाषा)।

केंद्र सरकार ने इजरायल की तकनीकी सहायता से 12 राज्यों के 150 गांवों को उत्कृष्ट गांव के रूप में बदलने का फैसला किया है। इजरायल की सरकार भारत में पहले ही 12 राज्यों में 29 उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना कर चुकी है। ये केंद्र सब्जी के 2.5 करोड़ से अधिक पौधे और 3.87 लाख से अधिक गुणवत्ता वाले फलों के पौधों की उपज तैयार कर रहे हैं। इन उत्कृष्टता केंद्रों के आसपास के करीब 150 गांवों को उत्कृष्ट गांवों के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें से 75 गांवों को भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में प्रथम वर्ष में शामिल किया जा रहा है। इसके लिए भारत और इजरायल मिलकर काम करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक दिन पहले भारत में इजरायल के नए राजदूत नाओर गिलोन से मुलाकात के दौरान यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार तोमर ने भारत और इजरायल के बीच राजनयिक संबंधों के 30 वर्ष पूरे होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए 12 राज्यों में 29 उत्कृष्टता केंद्रों के कामकाज पर संतोष व्यक्त किया।

491 करोड़ रुपए के फर्जी आइटीसी चालान का पता लगा

नई दिल्ली, 29 जनवरी (भाषा)।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने कई फर्जी फर्म चलाने और 491 करोड़ रुपए की इनपुट टैक्स क्रेडिट चालान धोखाधड़ी से जारी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की गुरुग्राम जोनल यूनिट (जीजेडयू) ने इस व्यक्ति के परिसर की तलाशी ली जो पूरे भारत में विभिन्न व्यक्तियों को क्लाउड स्टोरेज की सुविधा प्रदान कर रहा था।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि क्लाउड स्टोरेज सुविधा द्वारा प्रदान की जा रही इस हार्ड डिस्क में मौजूद डेटा की जांच से मुख्य संचालक की पहचान सामने आई। इसमें 93 नकली फर्मों के जरिए धांधली की जा रही थी।

मजदूर संगठनों ने देशव्यापी हड़ताल मार्च तक टाली

नई दिल्ली, 29 जनवरी (भाषा)।

केंद्रीय मजदूर संगठनों के एक संयुक्त मंच ने शनिवार को कहा कि उसने महामारी की तीसरी लहर और पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों को देखते हुए सरकारी नीतियों के खिलाफ 23-24 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल एक महीने के लिए टाल दी है।

मजदूर संगठनों के एक संयुक्त बयान में कहा गया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों (सीटीयू) और क्षेत्रीय कर्मचारी संघों एवं संगठनों के संयुक्त मंच की शुक्रवार को हुई एक आनलाइन बैठक में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को 28-29 मार्च तक टालने का फैसला किया गया। नेशनल कन्वेंशन आफ वर्कर्स ने 11 नवंबर, 2021 को तय किया था कि संसद के बजट सत्र के दौरान 23-24 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल आयोजित की जाएगी।

साझा बयान के अनुसार, कई राज्यों और क्षेत्रों में हड़ताल की तैयारी शुरू हो गई है, कुछ राज्यों में संयुक्त राज्य स्तरीय सम्मेलन और यहां तक कि जिला स्तरीय सम्मेलन भी हो चुके हैं। हालांकि, कई राज्यों ने महामारी की तीसरी लहर के कारण हड़ताल की तैयारियों पर गंभीर बाधाओं के बारे में सूचना दी है। इसके अलावा उत्त प्रदेश में चौथे चरण के विधानसभा चुनाव और तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय चुनाव अगले महीने के अंत में होने हैं। ऐसी स्थिति में आम हड़ताल की तारीखों को 28-29 मार्च, 2022 तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उस समय संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण चल रहा होगा।

PUSHPSONS INDUSTRIES LIMITED
Regd. Office: B-40, Okhla Industrial Area, Phase -I, New Delhi- 110020
CIN: L74899DL1994PLC059950
Tel: +91-11-41610121 Fax: +91-11-41058461
Email id: info@pushpsons.com
Website: www.pushpsons.com

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, notice is hereby given that a meeting of Board of Directors is scheduled to be held on Thursday, February 10, 2022 at New Delhi, inter-alia to consider and approve the un-audited financial results (Standalone) of the Company for the quarter ended December 31, 2021.

The said notice may be accessed on the Company's website at http://www.pushpsons.com also on the website of the stock exchange at http://www.bseindia.com

For Pushpsons Industries Limited
Sd/-
Pankaj Jain
Director
DIN: 00001923

Place: New Delhi
Date: January 29, 2022

पूर्वी दिल्ली नगर निगम
अधिशासी अभियंता (एसएलएफ) का कार्यालय

शुद्धिपत्र

गाजीपुर कचरा स्थल (डंपसाइट) में 50 लाख टन पुराने (लीगेसी) अपशिष्ट के जैव-खनन और खुदाई की गई सामग्री के निपटान, भूमि-उद्धार (रिक्लेमेशन ऑफ लैंड) और इंजीनियर लैंडफिल सुविधा का निर्माण तथा 150 केएलडी लीचेट उपचार संयंत्र (एलटीपी) की स्थापना के प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) को बोली जमा करने की अंतिम तारीख 14.02.2022 सहित आईडी सं. 2021_EDMC_100107_1 द्वारा 30.12.2021 को आमंत्रित किया गया था, उक्त के अनुक्रम में यह सूचित किया जाता है कि पू.दि.न.नि. द्वारा पात्रता मापदंड और कार्य के क्षेत्र में काफी हद तक संशोधन किया गया है। बोली पूर्व प्रश्नों के उत्तर सहित शुद्धिपत्र और अनुशेष को वेबसाइट www.mcdonline.nic.in/EDMC और https://etenders.gov.in/eprocure/app पर देखा जा सकता है और वहां से डाउनलोड किया जा सकता है।

- हस्ता. -
अधिशासी अभियंता (एसएलएफ)
R.O. No. 57/DPI/EDMC/2021-22

पूर्वी दिल्ली नगर निगम का नागरिक हेल्पलाइन नं. 155303

Servotech Power Systems Limited
CIN: L31200DL2004PLC129379
Registered Office: 806, 8th Floor, Crown Heights, Hotel Crown Plaza, Sector 10, Rohini, New Delhi-110085 | Tel No : 011-41117658
Email: investor.relations@servotechindia.com | Website: www.servotech.in

PUBLIC NOTICE FOR ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS OF THE COMPANY IN RESPECT OF INFORMATION REGARDING EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING TO BE HELD ON FRIDAY, 4TH MARCH, 2022 THROUGH VIDEO CONFERENCING ("VC")/OTHER AUDIO-VISUAL MEANS ("OAVM")

1. Shareholders may note that the Extra-ordinary General Meeting ("EGM") of the Company will be held through Video conferencing (VC)/Other Audio-visual means ("OAVM") on Friday, 4th March, 2022 at 11:00 A.M. (IST) in compliance with General Circular numbers 20/2020, 14/2020, 17/2020 and all other applicable laws and circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs and Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), to transact the business that will be set forth in the Notice of the Meeting.
2. In compliance with the above circulars, electronic copies of the Notice of the EGM will be sent to all the shareholders whose email addresses are registered with the Company/Depository Participant(s). The notice of the EGM will also be made available on the Company's website, at www.servotech.in, NSE at www.nseindia.com and on the NSDL's website, at www.evoting.nsdl.com
3. Manner for registering email addresses:
1. In case shares are held in Physical mode, please send a request to the Registrar and Transfer Agents of the Company i.e. Bigshare Services Private Limited ("Bigshare/RTA") at info@bigshareonline.com providing folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address.
2. In case shares are held in dematerialized mode, please contact your Depository Participant (DP) and register your email address and bank account details in your demat account, as per the process advised by your DP.
4. Manner of casting vote through e-voting:
Shareholders will have an opportunity to cast their vote remotely on the business as set forth in the Notice of the EGM through electronic voting system. The manner of voting remotely for shareholders holding shares in dematerialized mode, physical mode and for shareholders who have not registered their email addresses will be provided in the Notice to the shareholders which will also be made available on the website of the Company.
5. Manner of registering/updating Bank details for receiving dividend electronically.
Shareholders are requested to update their complete bank details with their depositories (where shares are held in dematerialized mode) and with Bigshare (where shares are held in physical mode) at info@bigshareonline.com along with details; a) Name and Branch of the Bank in which you wish to receive the dividend, if paid in the future, b) the Bank Account type, c) Bank Account Number allotted by their banks after implementation of Core Banking Solutions d) 9-digit MICR Code Number, e) 11-digit IFSC Code & f) a scanned copy of the cancelled cheque bearing the name of the first shareholder.
6. The Notice of the EGM will be sent to the shareholders in accordance with the applicable laws on their registered email address in due course.

For Servotech Power Systems Limited
Sd/-
Priya Pandey
Company Secretary

Date: 29th January, 2022
Place: New Delhi

adani Capital
अदानी कैपिटल प्राईवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः अदानी हाउस, 56, श्रीमाली सोसायटी, नवरंगपुरा, अहमदाबाद 380009, गुजरात, भारत, कॉर्पोरेट कार्यालयः 1004/5, 10वां तल, सी-विंग, वन बीकेसी, सी-66, जी-ब्लॉक, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुम्बई 400051, महाराष्ट्र, भारत
CIN: U65990GJ2016PTC093692,
Website: www.adanicapital.in

शुद्धिपत्र

कृपया 13.01.2022 को इस समाचार पत्र में प्रकाशित हमारी **मांग सूचना** देखें। इस सूचना में ऋणधारक केल्विन इंस्टीच्यूट के संदर्भ में ऋण खाता सं. गलत वर्णित है। **कृपया सही ऋण खाता सं. 100MSM001021541 एवं 100MSM001032232 की जगह 106MSM001021850 एवं 106MSM001041021 पढ़ें।**
अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

प्राधिकृत अधिकारी

एएमएस पॉलिमर लिमिटेड
(पूर्व में, साई मोह ऑटो लिंक्स लिमिटेड)
सीआईएनः L34300DL1985PLC020510
पंजीकरणः सी-582, सरस्वती विहार, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
ईमेल आईडीः polymersams@gmail.com
वेबसाइटः www.amspolymers.com
दूरभाष: 91-11-27032702 | फैक्स: 91-11-27032702

शुद्धिपत्र

इस समाचार पत्र में 29.01.2022 को प्रकाशित **"बोर्ड बैठक की सूचना"** के विज्ञापन के संदर्भ में, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि संस्करण के मुद्रण के समय अख़बार में एक टाइपोग्राफिकल प्रिंटिंग त्रुटि अनजाने में हुई है जिसमें "30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन" के बजाय **"31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन"** लिखी जानी चाहिए थी।
इस शुद्धिपत्र को उक्त नोटिस की निरंतरता में पढ़ा जाना चाहिए और अन्य सभी मदें अपरिवर्तित रहेंगी।

बोर्ड के आदेश द्वारा
एएमएस पॉलिमर लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
चिरंजीवी रामुका
कंपनी सचिव

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 29.01.2022

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
सर्किल सस्त्र कार्यालय : अलीगढ़
कार्यालय पता : साई विहार, सामने मदन पैलेस, ग्राम तलासपुर कलां, रामघाट रोड, अलीगढ़-202001, ई-मेल : cs8183@pnb.co.in

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जैसा कि वित्तीय आस्तियों के प्रवर्तन एवं प्रतिभूतिकरण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के साथ पठित धारा 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में पंजाब नैशनल बैंक के अधिकृत प्राधिकारी ने नीचे प्रत्येक खाते के सम्मुख उल्लिखित तिथियों पर कथित सूचना(ओं) की तिथि/कथित सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित कर्जदार/रों से प्रत्येक खाते के सम्मुख उल्लिखित राशि का पुनर्भुगतान करने को कहते हुए माँग सूचना जारी की थी।
कर्जदार/रों के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण एतद्वारा कर्जदार(रों) को तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों पर प्रत्येक खाते के सम्मुख उल्लिखित तिथियों पर कब्जा कर लिया है।
प्रतिभूत आस्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के परिप्रेक्ष्य में कर्जदार/रों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है।
विशेष रूप से कर्जदार/रों तथा जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति/यों से किसी प्रकार का संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति/यों के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार राशि तथा उस ब्याज के लिए पंजाब नैशनल बैंक के प्रभार का विषय होगा।

प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची

क्र. सं.	शाखा का नाम	खाते का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि	सूचना चिपकाकर कब्जे की तिथि	कब्जा करने की तिथि तक बकाया राशि
1.	श्री वार्ष्णेय डिग्री कॉलेज, अलीगढ़	श्रीमती प्रेरणा पांडे पत्नी चेतन पांडे	श्रीमती प्रेरणा पांडे पत्नी चेतन पांडे की आवासीय संपत्ति के समस्त भाग का इक्विटेबल बंधक, गाटा नंबर 131 का हिस्सा, आर के पुरम कॉलोनी एंजेल पब्लिक स्कूल के पास, पाला साहिबाबाद, कोइल आगरा रोड अलीगढ़ में स्थित, क्षेत्रफल 381.63 वर्ग गज। सीमाएँ निम्नानुसार हैं (स्वामित्व विलेख के अनुसार): - पूर्व- अन्य का घर, पश्चिम-रास्ता 28 फीट चौड़ा, उत्तर- चेतन पांडे का घर, दक्षिण- अन्य का घर	13.09.2021	25.01.2022	रु. 1,03,24,881.80 (रुपये एक करोड़ तीन लाख चौबीस हजार आठ सौ इक्यासी एवं अस्सी पैसे मात्र) + 01.12.2021 से ब्याज + अन्य प्रभारों
2.	श्री वार्ष्णेय डिग्री कॉलेज, अलीगढ़	श्यामा इंटरनेशनल प्रोप.- श्रीमती प्रेरणा पांडे पत्नी चेतन पांडे	श्रीमती प्रेरणा पांडे पत्नी चेतन पांडे की आवासीय संपत्ति के समस्त भाग का इक्विटेबल बंधक, गाटा नंबर 131 का हिस्सा, आर के पुरम कॉलोनी एंजेल पब्लिक स्कूल के पास, पाला साहिबाबाद, कोइल आगरा रोड अलीगढ़ में स्थित, क्षेत्रफल 381.63 वर्ग गज। सीमाएँ निम्नानुसार हैं (स्वामित्व विलेख के अनुसार): - पूर्व- अन्य का घर, पश्चिम-रास्ता 28 फीट चौड़ा, उत्तर- चेतन पांडे का घर, दक्षिण- अन्य का घर	13.09.2021	25.01.2022	रु. 86,62,031.00 (रुपये छियासी लाख बासठ हजार इकतीस मात्र) + 01.12.2021 से ब्याज + अन्य प्रभारों
3.	सिविल लाइन अलीगढ़	मेसर्स फ्लिकर्स प्राइवेट लिमिटेड	श्रीमती पवित्रा देवी उर्फ स्नेहलता पत्नी श्री चंद्र पाल सिंह, चंद्र शेखर उर्फ शेखर पुत्र श्री चंद्र पाल सिंह, और अमित कुमार उर्फ राजू पुत्र श्री चंद्र पाल सिंह के नाम की समस्त सम्पत्ति, खसरा नंबर 338/1, ग्राम-भाखरी खास जिरोली मोड़ जीटी रोड, परगना और तहसील कोइल जिला अलीगढ़ में स्थित, क्षेत्रफल 382.79 वर्ग मीटर। सीमाएँ निम्नानुसार हैं:- पूर्व : सुनील कुमार मित्तल का खेत, पश्चिम : अमित कुमार आदि का भूखंड, उत्तर- जी.टी. रोड, दक्षिण- अमित कुमार के खेत आदि। स्टॉक, बुक डेट और बैंक द्वारा वित्तपोषित वर्तमान या भावी अचल संपत्तियों सहित सभी मौजूदा परिसंपत्तियों का दृष्टिबंधक।	31.05.2021	25.01.2022	रु. 90,93,554.90 (रुपये नब्बे लाख तिरानबे हजार पांच सौ चौवन एवं नब्बे पैसे मात्र) + 01.12.2021 से ब्याज + अन्य प्रभारों
4.	सिविल लाइन अलीगढ़	मैसर्स प्रयाग फूड प्रोडक्ट प्रोप. श्रीमती मालती देवी	औद्योगिक प्लॉट संख्या एफ-116 सेक्टर- 2, तालानगरी के पास पानी की टंकी, रामघाट रोड, परगना और तहसील कोइल अलीगढ़ के दिनांक 29-04-2006 के लीज होल्ड संपत्ति का इक्विटेबल बंधक, क्षेत्रफल 200.000 वर्गमीटर, श्रीमती मालती देवी पत्नी गौतम सिंह के नाम पर। सीमाएं निम्नलिखित हैं-पूर्व-प्लॉट नंबर एफ117, पश्चिम-प्लॉट नं. 115, उत्तर-प्लॉट नं. 137, दक्षिण-12 मीटर रोड नंबर 7 स्टॉक, बही ऋण, अचल संपत्ति, खाद्य उत्पाद के रूप में संपूर्ण वर्तमान और भावी संपत्ति का दृष्टिबंधक।	24.09.2021	29.01.2022	रु. 16,86,251.19 (रुपये सोलह लाख छियासी हजार दो सौ इक्यावन एवं उन्नीस पैसे मात्र) + भावी ब्याज तथा अन्य प्रभार
5.	श्री वार्ष्णेय डिग्री कॉलेज, अलीगढ़	मैसर्स कृष्णा इंटरप्राइजेज प्रोप. कृष्ण गोपाल शर्मा के माध्यम से	संपत्ति मकान नं. ए-10-मानसरोवर कॉलोनी रामघाट रोड, अलीगढ़ में स्थित का सम्पूर्ण भाग, क्षेत्रफल 210.00 वर्ग गज (175.56 वर्ग मीटर) कोइल अलीगढ़, श्रीमती गायत्री देवी पत्नी ओम प्रकाश के नाम पर सीमाएँ निम्नानुसार हैं:- पूर्व-सर्विस रोड, पश्चिम-30 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर- मकान नं. ए-9 डॉ.पी.सी.गुप्ता का, दक्षिण-मकान नं.-बी-5 लटूरी प्रसाद का	13.09.2021	29.01.2022	रु. 54,11,863.22 (रुपये चौवन लाख ग्यारह हजार आठ सौ तिरेसठ एवं बाईस पैसे मात्र) तथा 01/12/2021 से ब्याज

तिथि : 29.01.2022 स्थान : अलीगढ़
अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
सर्किल सस्त्र सेन्टर, पूर्वी दिल्ली, पॉकेट-ई मयूर विहार फेज-II,, दिल्ली-110091, ई-मेलः cs8075@pnb.co.in

ऋणधारक के मामले में अचल सम्पत्ति के लिये कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत **पंजाब नेशनल बैंक, सर्किल सस्त्र सेन्टर, पूर्वी दिल्ली सीएससी प्रथम तल, पॉकेट-ई, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 13.9.2021 जारी कर 1)मै. कपूर ब्रदर्स (ऋणधारक), 15/26ए, तिलक नगर, नई दिल्ली-110018, 2) श्री अजय कपूर (प्रॉपाईटर), 15/26ए, तिलक नगर, नई दिल्ली-110018 को उक्त सूचना की तिथि/उक्त सूचना की प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना मे वर्णित राशि 12.09.2021 को रु. 8700345.97/-(रुपये सत्तासी लाख तीन सौ पैंतालिस एवं पैसे सन्तानवे मात्र) के साथ उस पर आगे के ब्याज, खर्चे तथा अन्य चार्जेज आदि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।
ऋणधारक/गारंटर इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहें, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/गांरटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 28 जनवरी, 2022 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।
ऋणधारक/गारंटर/मार्टगैजर का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।
विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतदद्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय 12.09.2021 को रु. 8700345.97/-(रुपये सत्तासी लाख तीन सौ पैंतालिस एवं पैसे सन्तानवे मात्र) के साथ उस पर आगे के ब्याज, खर्चे तथा अन्य चार्जेज आदि के लिये **पंजाब नेशनल बैंक, सर्किल सस्त्र सेन्टर, पूर्वी दिल्ली सीएससी प्रथम तल, पॉकेट-ई, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली** के चार्ज के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

श्री अजय कपूर के नाम में 15/26ए, भूतल, तिलक नगर, नई दिल्ली-110018 में स्थित सम्पत्ति (भूमि एवं भवन) का सभी भाग तथा हिस्सा।

तिथिः 28.01.2022, स्थानः दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालयः 24, नजफगढ़ रोड, नांगलोई, दिल्ली-110041

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट-IV [नियम-8(1)] देखें

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, नांगलोई, दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना दिनांक **25/11/2021** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारः मिस सुलोचना देवी एवं श्री नितेश कुमार,** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.14,14,615/- (चौदह लाख चौदह हजार छः सौ पन्द्रह रूपये मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित **अधिनियम** की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित **सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 25.01.2022** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **रु.14,14,615/- (चौदह लाख चौदह हजार छः सौ पन्द्रह रूपये मात्र)** और ब्याज + कानूनी एवं अन्य शुल्क के साथ **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, नांगलोई दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा। **कर्जदारों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से जिसमें स्थित सम्पत्ति शामिल हैः
पते पर स्थित निवास के साम्यिक बंधक में आवासीय सम्पत्तिः-
श्रीमती सुलोचना देवी पत्नी श्री राकेश कुमार एवं श्री नितेश कुमार पुत्र श्री राकेश कुमार पते पर स्थितः प्लॉट नं. डी-11, पहला तल बिना छत अधिकार के, पिछली तरफ, खसरा नं.336/2, गाँव-बिन्दापुर सुभाष पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059. जो घिरा हैः
पूर्वः प्लॉट नं.10 — उत्तरः शेष भाग
पश्चिमः प्लॉट नं.12 — दक्षिणः गली 10 फीट

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 25.01.2022
प्राधिकृत अधिकारी
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

www.readwhere.com